हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 22.9 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

11 बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए रिवीजन ...



12 बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय और ऑस्ट्रेलिया ...



### डीसी ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

# इंदिरा कॉलोनी व करतारपुरा में अब नशा बेचने वालों की खैर नहीं, पुलिस करेगी रेड

■ प्रशासन व युवाओं की टीम ने शहर को नशा मुक्त करने और लोगों को नशे से दूर रखने के लिए बोर्ड लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करतारपुरा और इंद्रा कॉलोनी में नशे के खिलाफ निवासियों ने पुलिस के साथ मिलकर मुहिम को तेज कर दिया है। प्रशासन व युवाओं की टीम ने शहर को नशा मुक्त करने और लोगों को नशे से दूर रखने के लिए बोर्ड लगा दिए हैं। बोर्ड में चेतावनी लिखी गई कि यदि नशा बेचने या खरीदने वाले मिलते हैं तो पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने करतारपुरा निवासियों की शिकायत की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को रेड करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ताओं ने करतारपुरा में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी की शिकायत की थी। डीसी ने लघु सचिवालय स्थित वीडियों कांफ्रेंस हाल में आयोजित समाधान शिविर में कही।

**शिकायतों की सुनवाई करते उपायुक्त**




#### मौजूद रहे

इस मौके पर सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भूपेंद्र सिंह, नगर निगम संयुक्त आयुक्त नवदीप सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन, गजेंद्र सिंह, विजय दलाल, सीमा नारा, मुकेश भारद्वाज, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी, भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश मौजूद रहे।

#### कमेटियां बनाई गई

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि खोखरा कोट, रैनकपुरा, करतारपुरा, गढ़ी मोहल्ला, इंद्रा कॉलोनी, पाड़ा मोहल्ला, डेयरी मोहल्ला आदि क्षेत्रों में नशा तस्करी की जाती है। इंद्रा कॉलोनी और करतारपुरा समेत अन्य क्षेत्रों को नशा मुक्त करने के लिए मोहल्ला अनुसार कमेटियां बनाई गई हैं। इंद्रा कॉलोनी में युवाओं की टीम ने बोर्ड-फ्लैक्स लगाए। इनको लगाने से पहले पुलिस से अनुमति ली गई है, साथ ही नशा मुक्त अभियान में सहयोग के लिए पुलिस ही इन युवाओं को आगे बढ़ा रही है।

#### घाट के निर्माण में अनियमितता की होगी जांच

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने चुलियाना ग्राम पंचायत की गांव के तालाब पर घाट के निर्माण में बढ़ती गई अनियमितताओं से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए घाट के निर्माण की विजिलेंस जांच करवाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत ने शिकायत में बताया था कि नवनिर्मित घाट कुछ दिनों के बाद ही क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे पशुओं को तालाब में ले जाते समय परेशानी हो रही है। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिला में सरप्लस जमीन का पंजीकरण करवाकर उसे मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत करवाएं।

#### मानसरोवर कॉलोनी में सीवर की सफाई करवाएं

धीरेंद्र खड़गटा ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मानसरोवर कॉलोनी में सीवर की सफाई करवाएं तथा पुरानी पेयजल पाइपलाइन को बदलवाने के लिए प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि गत दिनों सरकार द्वारा नियमित की गई कॉलोनियों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए उन्हें अमरूत-2 योजना के अंतर्गत रखा जाए। उन्होंने कहा कि सोनीपत रोड के साथ-साथ इनलैट चैनल के कच्चे हिस्से को पक्का करवाएं तथा इसे ढ़कना सुनिश्चित करें ताकि जलघर तक पूरा व शुद्ध पेयजल सप्लाई हो सके।

#### अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाएं

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने मोखरा गांव में साक्षी मलिक स्टेडियम में अधूरे निर्माण कार्यों से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने बलियाणा गांव में सीवर लाइन व कब्रिस्तान से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

## मदवि में 28 शोधार्थी पीएचडी पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड और शोध समिति की अनुशंसा पर 28 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं- आईएचटीएम से पूर्वी सैनी व सुरेश सिंह, रक्षा एवं सामरिक अध्ययन से मनीष खन्ना, सोशियोलॉजी से सपना, सुनैना ढांडा और रजनी यादव, अर्थशास्त्र से पारुल रात्रा, अनन्या भाटिया व सपना यादव, प्रबंधन से निधि सिंघल और विकास यादव, कॉमर्स से दिव्या सैनी और सुरभि, जूलॉजी से प्रियंका, हिंदी से पूजा,पत्रकारिता एवं जनसंचार से संदीप, संस्कृत से सुचेता, गणित से अपूर्वा, कोमल, प्रियंका साहनी और मंजीत, फिजिक्स से अंजलि और संकेत, शिक्षा से जय देवी और श्वेता दहिया, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से अमित राणा, विधि विभाग से मनीष नांदल और प्रवीण।



रोहतक। रिश्वत लेता पकड़ा गया आरोपी सहायक पर्यावरण अभियंता सचिन।

### स्टोन क्रेशर की कैपेसिटी बढ़ाने के लिए मांगे रुपये

# प्रदूषण बोर्ड का इंजीनियर एक लाख रुपये रिश्वत लेते दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता सचिन को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी टीम ने आरोपी के खिलाफ रोहतक एसीबी थाने में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता जितेन्द्र सिंह निवासी राजेंद्र कॉलोनी ने एसीबी को दी शिकायत में बताया था कि उसका कुंडू स्टोन नाम से क्रेशर है, जिसकी क्षमता 100 टन है। आरोपी सचिन ने स्टोन क्रेशर की क्षमता 100 टन से बढ़ाकर 400 टन करने की ऐवज में एक लाख रुपये रिश्वत मांगी थी। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि जितेंद्र सिंह की शिकायत पर जांच के बाद टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना तैयार की। जितेंद्र ने जैसे ही आरोपी सचिन को सेक्टर-2 में रिश्वत के एक लाख रुपये दिए, एसीबी की टीम ने आरोपी सचिन को रंगे हाथ काबू कर लिया। एसीबी रोहतक की टीम ने आरोपी सचिन के खिलाफ एसीबी थाने में केस दर्ज किया। एसीबी की टीम आरोपी सचिन से पूछताछ कर रही है। एसीबी प्रवक्ता ने कहा कि अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी सरकारी काम करने की ऐवज में रिश्वत मांगता है तो उसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरों में करें।

### एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने महिला तस्कर पकड़े

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने महिला को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। महिला से 50 ग्राम हैरोइन बरामद हुई है। महिला आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी मनोज ने बताया कि शिव मंदिर रैनकपुरा के पास से महिला को शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की पहचान कमलेश निवासी रैनकपुरा के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर महिला के पास से 50 ग्राम हैरोईन बरामद हुई है। महिला के खिलाफ थाना शहर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने घोषित किए परिणाम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने अक्टूबर 2024 में आयोजित डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन अंग्रेजी-हिन्दी-अंग्रेजी फ्रेश के दूसरे सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के प्रथम सेमेस्टर री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन हिन्दू स्टडीज फ्रेश दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### खेतों की सिंचाई में पानी देने गया किसान लापता

**महम।** भैणी मातो गांव का एक किसान खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए गया था। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। इसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस को दी है। महम पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को दी शिकायत में भैणी मातो गांव निवासी सुमित्रा पत्नी सुनील ने बताया कि उसका पति सुनील 30 जनवरी को भैणीचंद्रपाल गांव निवासी बिने, सीटू पुत्र महेंद्र के खेत में पानी लगाने के लिए गया था। लेकिन शाम को उसका पति घर पर नहीं पहुंचा। देर शाम तक भी जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने उसकी जानकारों व रिश्तेदारों के यहां तलाश की। लेकिन सुनील का कोई सुराग नहीं मिला। उन्हें डर है कि सुनील के साथ कोई हादसा न हो जाए। शिकायत के बाद पुलिस उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### गेहूं की फसल को उजाड़ रहे जंगली सूअर

**महम।** महम के रकबे में और आस पास के इलाके में जंगली सूअरों ने आतंक मचा रखा है। जिस वजह से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि जंगली सुअर उनकी गेहूं की फसल को रात के समय चट कर जाते हैं, जिस वजह से फसलें पूरी तरह बर्बाद होने का खतरा पैदा हो गया है। बेसहारा पशुओं से पहले ही किसान परेशान था। अब इलाके में जंगली सूअर आ गए हैं, जो रात को बड़े पैमाने पर फसलों को खा रहे हैं। किसान सुखबीर सिंह, राजू नंबरदार, अजय गोयत, संजीव गोयत, धर्मबीर सिंह और बलजीत सिंह ने बताया कि भैणीभैरों रोड और बडेसरा रोड के आस पास के खेतों में जंगली सूअरों ने फसलों में तबाही मचा रखी है।

### वकील व क्लाइंट के बीच विवाद, कार्रवाई की मांग

**महम।** महम में वकील और क्लाइंट के बीच चल रहा विवाद थम नहीं रहा है। शुक्रवार को क्लाइंट सोनू ने डीएसपी के नाम एसडीएम को एक शिकायत दी। जिसमें वकील के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। वकील पर जातिसूचक गालियां देने और जज के नाम पर पैसे मांगने का आरोप लगाया है। उधर वकील रवि शंकर सोनी ने भी डीएसपी को क्लाइंट के खिलाफ शिकायत दी हुई है। वकील का कहना है कि यह कुछ भी मामला नहीं है। केवल बार एसोसिएशन चुनाव से प्रेरित मनगढ़ंत आरोप हैं।

## यातायात के नियमों की जानकारी दी




रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान शुक्रवार को स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास करवाया गया। इस दौरान एएसआई राजेश कुमार ने छात्राओं को यातायात के नियमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी सहित सभी जरूरी कागज अपने साथ रखने चाहिए। शराब पीकर या नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए। साइबर सेल से एएसआई दयानंद ने स्वयंसेविकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग आदि मामलों की जानकारी दी। साथ ही बैंकिंग और ई-कॉमर्स धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताए। प्रोग्राम आफिसर सोफिया जाखड़ यूनिट-1, डॉ. सविता मलिक एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर यूनिट-2, डॉ. अनीता गुलिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# 63 हजार की ठगी का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने 63 हजार रुपये की ठगी की में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि काहनौर निवासी रानी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि रानी ने 6 जनवरी को यूटयूब पर एक भैस खरीदने की ऐड देखी। रानी ने वीडियों में दिए गए नंबर पर भैस खरीदने के लिये संपर्क किया तो युवक ने अपना नाम पता मगला डेयरी राजस्थान से बताया। युवक ने रानी को भैस की कीमत 65 हजार रुपये बताई और 6 हजार रुपये एंडवास में भेजने बारे में कहा। रानी ने उनके दिए गए स्कैनर पर 6 हजार रुपये भेज दिए। युवक ने अगले दिन रानी को फोन कर कहा कि उनके दिए गए पते पर भैस भेज दी गई है व गाडी ड्राइवर का मोबाइल नंबर दिया। भैस की कीमत के पूरे पैसे पहले देंगे तभी भैस उनके पते पर भेजी जाएगी। रानी ने उनकी बाते में आकर 57 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जांच के दौरान 6 फरवरी को आरोपी प्रमेश निवासी गांव अगोन नूंह को गिरफ़्तार किया गया है।



**संगोष्ठी** मदवि में एआई- पावर्ड इंटेलिजेंट स्पेस ए रोडमैप विषय पर कार्यशाला

# एआई का महत्व तेजी से बढ़ रहा है: प्रो. मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के समय की एक क्रांतिकारी तकनीक है, जो मानव जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। हालांकि, इसके साथ आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इसे सावधानीपूर्वक अपनाने की आवश्यकता है। यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्ज विभाग द्वारा आज सीडीओई कांफ्रेंस हॉल में एआई- पावर्ड इंटेलिजेंट स्पेसः ए रोडमैप विषयक कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। प्रो. मान ने कहा कि आज के दौर में एआई का महत्व तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि यह विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता और उत्पादकता को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि सही नीतियों, नैतिक दिशा-निर्देशों और सुरक्षा उपायों के साथ एआई का उपयोग मानव समाज के लिए लाभकारी हो सकता है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर इस कार्यशाला का आयोजन करने के लिए कंप्यूटर साइंस विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



मुख्य अतिथि इग्नू, नई दिल्ली के एसओसीआईएस के पूर्व निदेशक प्रो. मनोहर लाल को स्मृति चिन्ह देते डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान व कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रो. डॉ. नसीब सिंह गिल।

#### एआई से जुड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया

इस कार्यशाला के की-नोट स्पीकर इग्नू, नई दिल्ली के एसओसीआईएस के पूर्व निदेशक प्रो. मनोहर लाल ने एआई की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई के चलते शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार, औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि, वित्त और बैंकिंग में क्रांति, यातायात और परिवहन में सुधार आ रहा है। वहीं एआई से जुड़ी चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि एआई से नौकरियों पर खतरा, निजता और डेटा सुरक्षा, नैतिक और कानूनी चुनौतियां सामने आ रही हैं।

#### प्रो. गिल ने कार्यशाला की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला

कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्ज विभाग की अध्यक्षा प्रो. प्रीति गुलिया ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल ने कार्यशाला की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्ता और इससे जुड़ी चुनौतियों पर भी जानकारी दी। आज सस्टेनेबिलिटी टेक्नोलॉजी पर काम करने की जरूरत है।






धरती पर चींटी एक ऐसा जीव है जो अपनी जिंदगी में कभी भी आराम नहीं करती है।



एक मादा मच्छर ही डंक मारती है, नर मच्छर कभी भी नहीं काटता, वह केवल पेड़ पौधों का रस पीता है।

# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफार्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

संभावनाओं और परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता विकसित करनी होगी

# फ्युचरोलॉजिस्ट बनकर भी कर सकते हैं बढ़िया कमाई, करियर का बेहतरीन विकल्प

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## बदलावों को समझ कर करना होता है विश्लेषण

आज की दुनिया में लगातार तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में इन बदलावों को समझकर विशेषण करने वाले एक पेशेवर व्यक्ति का होना भी बहुत जरूरी है। इस कारण फ्युचरोलॉजिस्ट (भविष्यवक्ता) का महत्व और भी बढ़ गया है। यह पेशा उन व्यक्तियों के लिए करियर का बेहतरीन विकल्प हो सकता है जो न केवल वर्तमान में हो रहे घटनाक्रमों का विश्लेषण करते हैं, बल्कि भविष्य में आने वाली संभावनाओं और परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता रखते हैं। फ्युचरोलॉजिस्ट का कार्य सिर्फ भविष्य के रुझानों का अनुमान लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे उन परिवर्तनों के प्रभावों को भी समझते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों, जैसे कि तकनीक, समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में आने वाले वर्षों में हो सकते हैं। फ्युचरोलॉजिस्ट भविष्यवाणी करने के लिए विभिन्न उपकरणों, जैसे कि डेटा विश्लेषण, ट्रेंड्स, सामाजिक-आर्थिक अध्ययन, और विज्ञान का इस्तेमाल करते हैं। वे आमतौर पर किसी कंपनी, सरकारी संस्थान, या शोध संस्थान में कार्यरत होते हैं, जहां उनका मुख्य उद्देश्य भविष्य में आने वाले बदलावों का सही अनुमान लगाना और उन परिवर्तनों के लिए रणनीतिक योजनाएँ तैयार करना होता है। यह पेशा उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो न केवल वर्तमान स्थिति को समझने में सक्षम हैं, बल्कि भविष्य में होने वाली घटनाओं और ट्रेंड्स के लिए तैयार रहने की सोच रखते हैं।



### वेतन और आय

भारत में एक फ्रेशर फ्युचरोलॉजिस्ट का वेतन 6,00,000 से 12,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में कार्य करने पर वेतन और लाभ और भी अधिक हो सकते हैं।

### रुझान विश्लेषण क्षमता

फ्युचरोलॉजिस्ट को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रुझानों का विश्लेषण करने की क्षमता होनी चाहिए, ताकि वह भविष्य की घटनाओं का सही अनुमान लगा सके।

**रचनात्मक सोच** : फ्युचरोलॉजिस्ट को नए विचारों और संभावनाओं को समझने और उनका विश्लेषण करने के लिए रचनात्मक सोच की आवश्यकता होती है।

**डेटा विश्लेषण कौशल** : आपको भविष्यवाणी के लिए उपलब्ध आंकड़ों का सही तरीके से विश्लेषण करना आना चाहिए। इससे आप भविष्य के विकास को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

**संचार कौशल** : आपको अपने विचारों और भविष्यवाणियों को स्पष्ट और प्रभावी रूप से व्यक्त करने की क्षमता होनी चाहिए, ताकि आपके विचार दूसरों को सही दिशा में मार्गदर्शन कर सकें।

## नौकरी के अवसर

### निजी क्षेत्र में करियर

निजी क्षेत्र में भी फ्युचरोलॉजिस्ट के लिए कई रोमांचक और चुनौतीपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं। विभिन्न कंपनियां, थिंक टैंक, रिसर्च संस्थान, और रणनीतिक परामर्श कंपनियां भविष्यवाणी और रुझान विश्लेषण के लिए फ्यूटोरोलॉजिस्ट की तलाश करती हैं। इन कंपनियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को भविष्य के रुझानों के अनुसार अनुकूलित करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए फ्युचरोलॉजिस्ट की जरूरत होती है। प्रमुख कंपनियां जैसे डेलॉइट, पिडब्लू सी, के पिएम जी और मककिन्से एंड कंपनी भविष्यवाणी और रणनीतिक परामर्श सेवाएं प्रदान करती हैं। आप इन कंपनियों में भविष्यवाणी और रणनीतिक योजनाओं में मदद कर सकते हैं।

### सरकारी क्षेत्र में करियर

सरकारी संगठनों को भविष्य के विकास, नीति निर्माण और रणनीतिक योजनाओं के लिए मजबूत और सटीक पूर्वानुमान की आवश्यकता होती है, ताकि वे राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक बदलावों के लिए बेहतर तैयारी कर सकें। इसके अलावा, सरकारी परियोजनाओं और योजनाओं के लिए भविष्यवाणी करना और विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए सुझाव देना भी महत्वपूर्ण कार्य है। भारत में कई सरकारी संगठन भी भविष्यवाणी और योजनाओं के क्षेत्र में कार्यरत हैं, जैसे कि भारत सरकार का योजना आयोग, भारत सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय और राज्य सरकारों के योजना विभाग। आप इन संस्थाओं में भविष्यवाणी, नीति निर्माण और विकास योजनाओं में योगदान दे सकते हैं।

### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप **www.careerjaano.com** पर विजिट कर सकते हैं।

## शिक्षा और प्रशिक्षण

फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए कुछ विशेष शैक्षिक और प्रशिक्षण आवश्यकताएं हैं, जो आपको भविष्यवाणी और सामाजिक बदलावों के विश्लेषण में मदद करती हैं। आइए जानते हैं इस क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण के विकल्प।

1. **बैचलर डिग्री** : फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको पहले एक मजबूत शैक्षिक आधार की आवश्यकता होती है। समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, या दर्शनशास्त्र जैसे विषयों में बैचलर डिग्री आपके लिए उपयुक्त हो सकती है।
2. **मास्टर डिग्री** : फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए एक उन्नत डिग्री जैसे कि एम ऐ इन फ्यूचर स्टडीज या एम ऐ इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट विशेष रूप से उपयोगी हो सकती है। यह डिग्री आपको भविष्य के रुझानों, रणनीतियों, और भविष्यवाणियों के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करती है।
3. **डॉक्टरेट (पीचडी)**: यदि आप इस क्षेत्र में गहरी शोध करना चाहते हैं और एक विशेषज्ञ बनना चाहते हैं, तो आप पीचडी इन फ्यूचर स्टडीज कर सकते हैं। इससे आपको भविष्यवाणी के क्षेत्र में अत्यधिक विशेषज्ञता मिलती है और आप एक अकादमिक पेशेवर भी बन सकते हैं।

### यहां से लें शिक्षा

भारत में कई प्रमुख सरकारी और निजी संस्थान हैं जो भविष्यवाणी और फ्युचरोलॉजिस्ट के क्षेत्र में पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। निम्नलिखित संस्थान इस क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं।

#### सरकारी संस्थान

1. **जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**कोर्स नाम**: एम ए इन सोशल साइंसेज (फ्यूचर्स स्टडीज और डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित)
2. **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास**
**कोर्स नाम**: एम टेक इन फ्यूचर टेक्नोलॉजीज और इनोवेशन
3. **बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी**
**कोर्स नाम**: एम ए इन समाजशास्त्र (सामाजिक पूर्वानुमान पर ध्यान केंद्रित)
4. **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, बैंगलोर**
**कोर्स नाम**: एमएससी इन फ्यूचर स्टडीज और स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
5. **दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**कोर्स नाम**: एम ए इन डेवलपमेंट स्टडीज (फ्यूचर स्टडीज पर फोकस)

#### निजी संस्थान

1. **सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे**
**कोर्स नाम**: पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
2. **शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा**
**कोर्स नाम**: एम्ऐ इन फ्यूचर स्टडीज और स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
3. **टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई**
**कोर्स नाम**: एम ए इन डेवलपमेंट स्टडीज (फ्यूचर प्लानिंग पर फोकस)
4. **मणिपाल विश्वविद्यालय, मणिपाल**
**कोर्स नाम**: एम ए इन फ्यूचर और स्ट्रैटेजिक स्टडीज
5. **एसपी जैन स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट, मुंबई**
**कोर्स नाम** : एक्सीक्यूटिव प्रोग्राम इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट और इनोवेशन

*कौशल और योग्यता फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कौशल की आवश्यकता होती है।*

---

# छात्रों के लिए यह समय सुनहरा अवसर समस्याओं को हरा सपनों को करें साकार



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत आज विकास के नए आयाम छू रहा है, और इस विकास का मुख्य आधार नवाचार और स्टार्टअप हैं। छात्रों के लिए यह समय एक सुनहरा अवसर है कि वे अपने सपनों को साकार करें और देश की प्रगति में अपना योगदान दें। नवाचार सिर्फ एक शब्द नहीं है, बल्कि यह एक सोच है, एक दृष्टिकोण है जो हमें समस्याओं को अवसरों में बदलने के लिए प्रेरित करता है। नवाचार का मतलब यह नहीं है कि आप कुछ नया आविष्कार करें, बल्कि यह है कि आप मौजूदा चीजों को बेहतर तरीके से इस्तेमाल करें। भारत जैसे देश में, जहां समस्याओं की कोई कमी नहीं है, वहीं हर समस्या एक अवसर भी है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का, या फिर कृषि का, हर जगह नवाचार के जरिए बदलाव लाया जा सकता है।

## देश की प्रगति में दें अपना योगदान

उदाहरण के तौर पर, भारत में किसानों को फसलों की सही कीमत न मिलने की समस्या थी। इस समस्या को हल करने के लिए डीहाट जैसे स्टार्टअप ने किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया। यह नवाचार न केवल किसानों की आय बढ़ा रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचा रहा है।

**स्टार्टअप का सफर** : भारत में स्टार्टअप का सफर आसान नहीं है, लेकिन नामुमकिन भी नहीं। सरकार की तरफ से ‘स्टार्टअप इंडिया’ जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की है। आज भारत में हजारों स्टार्टअप सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। छात्रों के लिए यह जरूरी है कि वे अपने अंदर के विचारों को पनपने दें। चाहे आप किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, आपके पास कोई न कोई ऐसा विचार जरूर होगा जो दुनिया को बदल सकता है। स्टार्टअप का सफर मुश्किल जरूर है, लेकिन जब आप अपने सपनों के लिए मेहनत करते हैं, तो सफलता आपके कदम चूमती है।

### सफलता के कुछ मंत्र

**समस्याओं को अवसरों में बदलें**: हर समस्या एक अवसर है। उसे हल करने के लिए नए तरीके सोचें।

**टीम वर्क**: एक अच्छी टीम के बिना कोई भी स्टार्टअप सफल नहीं हो सकता। अपने साथ ऐसे लोगों को जोड़ें जो आपके विजन को समझते हों।

**लगन और धैर्य**: सफलता रातों-रात नहीं मिलती। असफलता से घबराएं नहीं, बल्कि उससे सीखें।

**शिक्षा और अनुभव**: शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी जरूरी है। इंटर्नशिप, वर्कशॉप और नेटवर्किंग के जरिए अपने कौशल को निखारें।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है। नवाचार और स्टार्टअप के जरिए हम न केवल अपने सपनों को साकार कर सकते हैं, बल्कि देश को भी विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। छात्रों के लिए यह समय है कि वे अपने विचारों को मूर्त रूप दें और एक बेहतर कल के लिए काम करें। याद रखें, हर बड़ी सफलता की शुरुआत एक छोटे से विचार से होती है। आज ही अपने सपनों को पंख दें, और कल भारत को एक नई राह पर ले चलें। नवाचार वह कुंजी है जो भविष्य के दरवाजे खोलती है।

**बजट 2025: छात्रों और स्टार्टअप्स के लिए आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम** : भारत सरकार का बजट 2025 छात्रों, युवाओं और स्टार्टअप्स के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है। इस बजट में शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जो न केवल छात्रों के लिए बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भी मददगार साबित होंगी। आइए जानते हैं कि यह बजट छात्रों और स्टार्टअप्स के लिए कैसे फायदेमंद होगा।

**शिक्षा और कौशल विकास पर जोर** : बजट 2025 में शिक्षा और कौशल विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त फंड आवंटित किए हैं। इससे छात्रों को नवीनतम तकनीक और ज्ञान तक पहुंचने में आसानी होगी।

**डिजिटल यूनिवर्सिटी**: सरकार ने एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की है, जो देश भर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगी।

**स्किल इंडिया मिशन**: कौशल विकास कार्यक्रमों को और मजबूत किया गया है, जिससे छात्रों को उद्योग-संबंधित कौशल सीखने का मौका मिलेगा। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए बजट 2025 में कई प्रोत्साहन दिए गए हैं। सरकार ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए नई योजनाएं शुरू की हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गाड़ी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को वापिस न्यायिक हिरासत भेजा गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बोहर निवासी सुमित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 6 दिसंबर 2024 को सुमित की गाड़ी उसके दोस्त ने अपने घर सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड में गली में खड़ी की थी। 7 दिसंबर 2024 को सुबह आलोक को गाड़ी नहीं मिली। गाड़ी में करीब 20 हजार रुपये, दो सोने की अगूठी थी। जांच के दौरान 6 फरवरी को आरोपी देशराज निवासी कन्हेली को गिरफ़्तार किया गया है।



### सदन की विशेष बैठक बुलाने की मांग

**रोहतक।** पंचायत समिति रोहतक के 16 सदस्यों ने सदन की विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। इस बारे में शुक्रवार को सदस्यों ने डीसी को मांगपत्र सौंपा। जिसमें नरेश कुमार, मीनू, कविता, प्रीति, रीना, कर्मवीर, सीम, कष्णा देवी समेत 16 सदस्यों ने बताया कि गत 25 अक्टूबर को सदन की मीटिंग नहीं हुई। जबकि सदस्यों के घर-घर जाकर कार्यवाही रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवा लिए गए। सदस्यों ने बताया अब चेयरमैन सदन में बहुमत खो चुके हैं। पिछले दिनों 16 सदस्यों ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को शपथ पत्र देकर सदन की विशेष बैठक बुलाने की मांग की थी। सदस्यों ने कहा कि 14 फरवरी को सदन की साधारण बैठक बुलाई गई है।



### गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में पौधरोपण

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज रोहतक में वसंत ऋतु के अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न प्रजातियों के औषधीय व सजावटी पौधों का रोपण कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा वसंत ऋतु खुशी, उत्सव और नई शुरुआत का मौसम है। यह एक ऐसा मौसम है जो नए सिरे से शुरुआत करने का प्रतीक है। वसंत हमें और हमारे आस-पास के वातावरण को फिर से जागृत करता है, सब कुछ वापस जीवन में लाता है। रंग-बिरंगे फूल, उत्सव और प्रकृति में प्रचुर विकास जीवन के चक्र का प्रतीक हैं। वसंत का मौसम सर्दियों के जाने की और गर्मियों के आने की आहट देता है।

# बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए रिवीजन करवाएं : दिलजीत सिंह

## प्रैक्टिस एवं उपचारात्मक शिक्षण की सहायता से बच्चों में करें कौशल विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत कक्षा कक्ष अवलोकन एवं विज्ञान संपर्क किट के लिए संपर्क फाउंडेशन के राज्य कार्यक्रम समन्वयक दुर्गा प्रसाद द्वारा जिले के स्कूलों में दौरा किया गया एवं संपर्क फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध करवाए गए संपर्क किट के उपयोग पर भी अध्यापकों से बातचीत की। इसके बाद संपर्क टीम द्वारा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह से भी मुलाकात की गई।

साथ ही जिले में किए जा रहे निपुण हरियाणा मिशन से संबंधित जिले की बेहतरीन स्थिति के विषय में भी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ विचार विमर्श किया। संपर्क टीम से पवन कुमार एवं आंचल द्वारा अध्यापकों के द्वारा कक्षा में किए जा रहे बेहतरीन कार्य को भी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के सम्मुख रखा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने अध्यापकों को अपनी-अपनी कक्षाओं में बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए रिवीजन कार्य करवाने, प्रत्येक बच्चे को गतिविधि के द्वारा सिखाने, उपचारात्मक शिक्षण पर कार्य करने के लिए बोलते हुए उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक प्रत्येक बच्चे पर दक्षता आधारित कार्य करवाते हुए उनका रिकॉर्ड रखें एवं जहां भी छात्रों को उपचारात्मक शिक्षण की आवश्यकता है, उनको आवश्यकता अनुसार कार्य करवाएं।

### अभिभावकों को दिलाया विश्वास

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि सभी अभिभावक निसंकोच अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में दाखिला दिलवाएं, यहां प्रत्येक सुविधा उपलब्ध है, सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनहित योजनाएं स्कूलों में लागू हैं और प्रत्येक बच्चे के सुनहरे भविष्य के लिए कार्य करने को जिला शिक्षा विभाग तत्पर है। जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड़ा ने टीम को विद्यार्थियों के नित्य अभ्यास एवं आंकलन के लिए सुझाव भी दिए, जिसे उन्होंने नए शैक्षणिक वर्ष में लागू करने का आस्वासन दिया।

### बेहतरीन माहौल बनाएं

दिलजीत सिंह ने अध्यापकों से ये भी कहा कि अपनी कक्षा में बेहतरीन माहौल बनाएं, साथ ही अपने-अपने स्कूल के बेहतरीन परिणाम देने वाले छात्रों एवं ऐसे विद्यार्थियों का रिकॉर्ड तैयार करवाएं जो उनके स्कूल से शिक्षा प्राप्त करने के बाद अब जीवन में किसी बेहतरीन मुकाम पर पहुंचे हुए हैं और उनको अपने गांव में प्रचारित करते हुए स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा दाखिले के लिए प्रचार की व्यवस्था आरंभ करें। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापकों के कार्य की सराहना भी की साथ ही ये भी कहा कि सभी अपने स्कूल में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों का दाखिला करना सुनिश्चित करें।




# ग्राहकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा पैन इंडिया में होम लोन एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है, इसी के तहत शुक्रवार को बैंक की सेक्टर-1 शाखा में रोहतक मंडल की ओर से मंडल प्रमुख महेश वधवा की अध्यक्षता में इस आयोजन का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी मुकुंद रहे। इन्होंने बैंक द्वारा लगाए गए स्टाल्स का निरीक्षण किया। शाखा प्रबंधक श्रेष्ठ मालिक द्वारा मुख्य अतिथि को बैंक की कम ब्याज व बिना अतिरिक्त खर्च पर दिए जा रहे रिटेल ऋण संबंधी जानकारी दी गई। महेश वधवा ने बताया कि एक्सपो में आने वाले ग्राहकों को सभी योजनाओं संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है एवं इच्छुक ग्राहकों द्वारा जरुरी कागजात उपलब्ध करवाए जाने के बाद मौके पर ही स्वीकृति प्रदान करने की भी व्यवस्था की गई है। बैंक द्वारा इस मौके पर मकान ऋण, कार ऋण, शिक्षा ऋण, सूर्य घर योजना, डिजिटल बैंकिंग संबंधी योजनाओं संबंधी स्टाल्स लगाए गए हैं। इस मौके पर जिला अग्रणी प्रबंधक अमित सिंह जाखड़, बैंक के अंचल कार्यालय से मुख्य प्रबंधक योगेश, प्रधान कार्यालय व मंडल कार्यालय से सहायक महा प्रबंधक अरविन्द यादव, अरविन्द कुमार सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेशनल आइस स्टॉक खेल में हरियाणा का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ भावना वर्मा अपने पिछले वर्ष के प्रदर्शन को दोहराते हुए हरियाणा के लिए टीम टारगेट तथा टीम गेम में दो कांस्य जीते

इंडियन आइसस्टॉक स्पोर्टस फेडरेशनम के तत्वाधान में आयोजित 11 वीं नेशनल विंटर आइस स्टॉक स्पोर्टस प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन रहा। यह प्रतियोगिता गुलमर्ग में 1 से 2 फरवरी 2025 को आइस रिंग, गुलमर्ग (श्रीनगर) में महिला तथा पुरुष वर्ग के लिए आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में नेशनल पदक विजेता भावना वर्मा अपने पिछले वर्ष के प्रदर्शन को दोहराते हुए हरियाणा के लिए टीम टारगेट तथा टीम गेम में दो कांस्य प्राप्त किए। 2024 में नेशनल समर प्रतियोगिता में भावना वर्मा द्वारा टीम टार्गट में सिल्वर मेडल तथा एकल वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया था। अंडर-19 महिला वर्ग में टीम टार्गट में भावना वर्मा, विशेषता, खुशबु, मानवी सिंह ने कास्य तथा इसी वर्ग में टीम गेम इंवेट में भावना वर्मा अंजल, विशेषता तथा सीमा ने कांस्य पदक प्राप्त किया सीनियर वर्ग में वैष्णवी कांस्य प्रयक प्राप्त किया। प्रथम बार आयोजिल ऑल इंडिया विंवर युनिवर्सिटी गेम्स मे हरियाणा की एकमात्र यूनिवर्सिटी सीआरएसयू जींद ने भाग लिया और कांस्य प्रदक प्राप्त किया। हरियाणा के सभी नेशनल मेडलिस्ट विजेताओं को आइसस्टॉक स्पोर्ट संघ, हरियाणा के महासचिव, सुरेश वीर एनआईएस कोच ने शुभकामनाएं दी। पूजा वर्मा ने बताया कि जल्द ही हरियाणा में आइस स्टॉक खेल को बढावा दिया जाएगा।



■ प्रदर्शनी में कॉलेज के जंतु विज्ञान, मनोविज्ञान, भौतिक विज्ञान ने भाग लिया

### राजकीय महिला कॉलेज लाखन माजरा में विज्ञान प्रदर्शनी

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में प्राचार्य इंदु सपरा के कुशल निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना रहा। इस प्रदर्शनी में महाविद्यालय के जंतु विज्ञान, मनोविज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भूगोल एवं कंप्यूटर साइंस विभाग ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राएं को "लर्निंग बाय डूइंग "जैसी कला को सीखने का मौका मिला। इस प्रदर्शनी में प्रतिभागी छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे सोलर एनर्जी का प्रयोग, हाइड्रोलिक बेड, होलोग्राम, स्नैक्स साइंस, आर्गेनिक कलर्स, सोशल इश्यूज एंड हेल्थी लाइफस्टाइल, ऑटोमैटिक वाटर हीटर बाय यूजिंग मशीन लर्निंग, एप्लिकेशंस ऑफ़ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस इन फ्यूचर मेडिसिन, सॉइल प्रोफाइल, इको सोसाइटी आदि रहे। प्रतियोगिता के अंत में प्राचार्य द्वारा प्रत्येक विभाग से प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं एक बेस्ट एक्सप्लेनेटर को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान प्रदर्शनी समिति की संयोजिका मिस सोनाली की देख रेख में हुआ। इस अवसर पर अनीता, डॉ. अंजलि मान, डॉ. नवीन, डॉ. प्रदीप सिवाच, डॉ. विनोद, डॉ. सुबोध, डॉ. हेमलता, डॉ. मनीषा, डॉ. सुनील धनखड़, डॉ. अनुराधा, डॉ. पूजा मौजूद रहे।

# अमन शर्मा मिस्टर और शालिनी मौर्य बनी मिस जेआरबीएल



**रोहतक।** जनता कॉलोनी स्थित जीवन राम बशेसर लाल (रानीलावाला) सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया। दसवीं व ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने एकल व समूह गान एवं नृत्यों से सभी को भाव विभोर कर दिया। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों में अमन शर्मा मिस्टर जेआरबीएल, शालिनी मौर्य मिस जेआरबीएल, वर्तिका मिस क्रिएटिव, हिमांशी वर्मा बेस्ट अटायर और प्रवेश आइकॉन फिट के खिताब से नवाजे गए। शिक्षिकाओं ने भी विभिन्न प्रकार के गेम्स व नृत्यों की प्रस्तुति दी। जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक निदेशक अमित महमिया ने कहा कि यह पल शब्दों में बयां नहीं किए जा सकते क्योंकि इन बच्चों ने 12 साल से अधिक समय इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की है। विद्यालय निदेशक अमन गर्ग ने सभी बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। 12वीं कक्षा के बच्चों ने अपने शिक्षकों को उपहार भेंट किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह खोखर, अंशिता, हिमांशी, प्रशांत आदि उपस्थित रहे।

# जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों की जानकारी दी

## पक्षी जागरूकता एवं संरक्षण कार्यशाला संपन्न, प्रमाण पत्र वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पक्षियों के संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के ईएसएम सेल द्वारा पक्षी जागरूकता एवं संरक्षण विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। ईएसएम सेल की कोऑर्डिनेटर प्रो. विनीता हुड्डा ने बताया कि इस कार्यशाला के दौरान पक्षियों के संरक्षण के महत्व, उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा, जैव विविधता पर उनके प्रभाव और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों और उनके संरक्षण उपायों पर व्याख्यान, पक्षी गणना और उनके व्यवहार को समझने हुए फील्ड विजिट, स्थानीय स्तर पर पक्षी संरक्षण हेतु किए जा सकने वाले प्रयासों पर चर्चा समेत अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रो. विनीता हुड्डा ने बताया कि इस कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों, जिनमें वैश्विक रूप से संकटग्रस्त प्रजातियां भी शामिल हैं, का अवलोकन करने के लिए माधोटी गांव के जल संयंत्र का दौरा किया। इस विजिट में प्रो. विनीता हुड्डा, प्रतिष्ठित पक्षी वैज्ञानिक डा. टीके रॉय, पारिस्थितिकी वैज्ञानिक राकेश कुमार, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हरीश कुमार, डॉ. ईशा और राजेश कुमार समेत विद्यार्थी शामिल रहे। इस विजिट के दौरान मध्य एशिया, उत्तरी एशिया और कुछ साइबेरियन प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों का पता चला। बॉटनी विभाग में समापन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समापन डॉ. विनीता हुड्डा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. टीके रॉय, प्रो. सुरेन्द्र यावद, डॉ. ईशा और राजेश कुमार मौजूद रहे। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# दूसरे दिन उन्नत सांख्यिकीय तकनीक और उनके एकीकरण पर रहा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ महर्षि दयानंद विवि में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे "डेटा विश्लेषण के लिए सॉफ्टवेयर-संचालित सांख्यिकीय तकनीक" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन शुक्रवार उन्नत सांख्यिकीय तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के साथ उनके एकीकरण पर केंद्रित था। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के सांख्यिकी विभाग के प्रो. सुरेश कुमार शर्मा ने एसपीएसएस का उपयोग करके परिकल्पना परीक्षण और बहुभिन्नरूपी विश्लेषण पर व्यावहारिक सत्र दिए। उन्होंने परिकल्पना परीक्षण के सैद्धांतिक आधार और शोध सत्यापन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की व्याख्या की। आगे बढ़ते हुए, उन्होंने कारक विश्लेषण और क्लस्टर विश्लेषण सहित बहुभिन्नरूपी तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की, बाजार अनुसंधान, मनोविज्ञान और चिकित्सा विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्निहित चरों की पहचान करके डेटा जटिलता को कम करने के लिए कारक विश्लेषण आवश्यक है, जबकि क्लस्टर विश्लेषण का व्यापक रूप से प्रमुख विशेषताओं के आधार पर समान टिप्पणियों को समूहीकृत करने के लिए उपयोग किया जाता है, जो इसे वर्गीकरण समस्याओं के लिए मूल्यवान बनाता है। सांख्यिकीय पद्धतियों के अलावा, प्रो. सुरेश कुमार शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग की अवधारणाओं को पेश किया, जिसमें भविष्य कहनेवाला विश्लेषण और निर्णय लेने में इन तकनीकों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की डेटा-संचालित दुनिया में, संरचित और असंरचित डेटा की भारी मात्रा तेजी से उत्पन्न होती है, जिसके लिए प्रभावी विश्लेषण और निर्णय समर्थन के लिए एसपीएसएस जैसे परिष्कृत सांख्यिकी उपकरणों की आवश्यकता होती है। दिन का समापन एक आकर्षक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहाँ प्रतिभागियों ने एआई-संचालित सांख्यिकीय तकनीकों और एसपीएसएस में कारक और क्लस्टर विश्लेषण के व्यावहारिक कार्यान्वयन पर स्पष्टता की मांग करते हुए वक्ता के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के सांख्यिकी विभाग के प्रो. सुरेश कुमार शर्मा

सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो. एससी मलिक ने प्रतिष्ठित वक्ता का स्वागत किया और उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सत्रों के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए डॉ. नवीन नांदल, डॉ. पूरन राठी और डॉ. राहुल के प्रयासों को भी स्वीकार किया। प्रतिभागियों को सॉफ्टवेयर-संचालित सांख्यिकीय तकनीकों में व्यावहारिक विशेषज्ञ से लैस करता है, तथा अनुसंधान और उद्योग में डेटा विश्लेषण के महत्व को सुदृढ़ करता है।

मार्केट न्यूज

### लोहचब मोटर कंपनी ने लॉन्च की एक्सइवी 9इ और बीइ 6



**रोहतक।** लोहचब मोटर कंपनी ने दो इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सइवी 9इ और बीइ 6 को लॉन्च किया। महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजन एसयूवी रेंज ने विश्वस्तरीय विशेषताओं के साथ नई ऊंचाइयां हासिल की हैं, जो इसे अनलिमिट इंडिया का गौरवपूर्ण क्षण बनाती हैं। महिंद्रा एक्सइवी 9इ और बीइ 6 के सभी वेरिएंट्स के लिए बुकिंग 14 फरवरी सुबह 9 बजे से शुरू होगी। बीइ 6 की शुरुआती कीमत 18.90 लाख और एक्सइवी 9इ की शुरुआती कीमत 21.90 लाख है। इस मौके पर अभिनेत्री अंजवी सिंह हुड्डा और हैप्पी कादियान मुख्य अतिथि रहे और इन अत्याधुनिक ईवी मॉडल्स का अनावरण किया। लोहचब मोटर कंपनी के निदेशक साहिल लोहचब ने कहा, हम गर्व महसूस कर रहे हैं कि महिंद्रा की अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक एसयूवी को हमारे ग्राहकों के लिए पेश कर रहे हैं। ये गाड़ियां भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। हमारा मानना है कि साल 2025 गाड़ियों की टेक्नोलॉजी में एक बड़े बदलाव का साल रहेगा। इसकी झलक भारत मोबिलिटी एक्सपो में भी देखने को मिली, जहां सभी बड़े निर्माताओं ने अपनी इवी गाड़ियां प्रदर्शित कीं। नया भारत अब अल्टरनेट फ्यूल और बिल्ट-इन-इंडिया की ओर अग्रसर है। महिंद्रा की यह नई इवी इसी सोच को साकार करने का प्रयास है। पीएम इड्राइव योजना के तहत सरकार ने चार्जिंग स्टेशन, इलेक्ट्रिक बसों और पीएलआई स्कीम के जरिए इवी कार प्रोडक्शन को बढ़ावा दिया है। गत वर्ष 2024 में करीब 2.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई थी, जो अनुमानित 5 प्रतिशत के क्रिटिकल थ्रेशोल्ड को 2025 में पार कर जाएगी। इसके साथ-साथ चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क भी इस वर्ष 3 गुना बढ़ रहा है। नई महिंद्रा एक्सइवी 9इ और बीइ 6 अत्याधुनिक तकनीक, दमदार परफॉर्मेंस और शानदार डिजाइन का बेहतरीन मिश्रण हैं। महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजन एसयूवी भारत को ग्रीन मोबिलिटी की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनसीआर के शहरों रोहतक और झज्जर के लिए इवी एक वरदान साबित हो रही है, चाहे डीजल एंट्री बैन, ऑड-ईवन नियम, या 10 साल की व्हीकल लाइफ की समस्या हो, इलेक्ट्रिक कार इन सभी से निजात दिलाती है। इन गाड़ियों में बैटरी की लाइफटाइम वारंटी और 550 किमी. की ड्राइविंग रेंज होने से ग्राहक एक अलग ही विश्वास महसूस करते हैं।

प्रतियोगिता | 25 से अधिक टीमों ने भाग लिया

# ऑन्कोलॉजी क्विज में क्षेत्रीय कैंसर केंद्र के पोस्टग्रेजुएट डॉक्टरों ने मारी बाजी

■ छात्रों की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल, निदेशक डॉक्टर एसके सिंघल ने दी बधाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कैंसर केंद्र के पोस्टग्रेजुएट छात्रों ने दिल्ली के आरएंडआर आर्मी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ऑन्कोलॉजी क्विज प्रतियोगिता, ओन्कोविजन 2025 में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया।

पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल, निदेशक डॉक्टर एसके सिंघल, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल व विभाग अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान ने बधाई देते हुए कहा कि चारों पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि हमारे छात्रों की समर्पण और विशेषज्ञता को दर्शाती है, जो हमारे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। हम उनकी सफलता पर उन्हें बधाई देते हैं और उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता की प्रशंसा करते हैं। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के विभाग अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान ने बताया कि गत दिवस दिल्ली के आरएंडआर आर्मी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ऑन्कोलॉजी क्विज प्रतियोगिता, ओन्कोविजन 2025 का आयोजन करवाया गया था। जिसमें पूरे देश के करीब 40 मेडिकल कॉलेज के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में 25 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिसमें हमारे छात्रों ने अपने ज्ञान और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। डॉ. अशोक चौहान ने बताया कि उनके विभाग के डॉ. प्रज्वल आर और डॉ प्रतीक ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया, जबकि डॉ मोहम्मद हुसैन जे और डॉ. मनीषा यादव ने इस क्विज प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे छात्र आगे भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करेंगे और संस्थान का नाम रोशन करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉक्टर राकेश धनखड़, डॉ. परमजीत कौर आदि मौजूद रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra TRUST BUILDER'S

नि:संतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430


श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान

पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

**खबर संक्षेप**

### अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए कर्मचारी चयनित

**रोहतक।** अखिल भारतीय सिविल सेवा कुश्ती प्रतियोगिता 17 से 20 फरवरी तक महाराष्ट्र के पुणे में होगी। इसके लिए शुक्रवार को हरियाणा के कर्मचारियों का चयन छोटूराम स्टेडियम में किया गया। स्पर्धा में में भाग लेने के लिए हरियाणा से 30 खिलाड़ियों का चयनित किए गए। फ्री स्टाइल पुरुष में 32 कर्मचारी शामिल हुए। इनमें से 10 का सिलेक्शन हुआ। ग्रीको रोमन के लिए 27 ने ट्रायल दी। यहां 10 चयनित किए गए। इसी प्रकार फ्री स्टाइल महिला कर्मचारियों में भी 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया। फ्री स्टाइल वूमन में 50 किलोग्राम में पीएन पायल, 53 किलोग्राम में पीएन प्रियंका, 55 किलोग्राम में मनीषा, 57 किलोग्राम में खेल विभाग से कोच पूजा गहलोत, 59 किलोग्राम में पीडब्ल्यूडी से बेलदार संतोष, 62 किलोग्राम में खेल विभाग सिरसा से असिस्टेंट रचना का चयन हुआ। 65 किलोग्राम में खेल विभाग रोहतक से कोच पिंकी, 68 किलोग्राम में डीसी ऑफिस से सुमन, 72 किलोग्राम में शिक्षा विभाग से डीपीई मुकेश व 76 किलोग्राम में खेल विभाग से कोच निर्मला सैनी का चयन किया गया। ग्रीको रोमन में पुरुष वर्ग में 55 किलोग्राम में हायर एजुकेशन से प्रतीक मोर, 60 किलोग्राम में पीडब्लूडी बीएंड आर से राकेश कुमार, 63 किलोग्राम में शिक्षा विभाग से पावेल कुमार, 67 किलोग्राम में सिंचाई विभाग से राजेंद्र सिंह, 72 किलोग्राम में रेवेन्यू विभाग से सलीम खान का चयन हुआ।

## अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर सख्त कार्रवाई करने के आदेश

# अवैध कॉलोनियों को गिराने के लिए 15 दिन चलाया जाएगा अभियान : डीसी

*उपमंडलाधीश तथा तहसीलदार को गोहाना रोड पर स्थित पीर बौधी के पास वक्फ की भूमि की जांच के आदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्य व राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ ग्रीन बेल्ट पर किए गए अवैध निर्माण को तुरंत गिरवाएं। नियंत्रित व शहरी क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों-निर्माणों को गिरवाया जाए तथा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। जिला में आगामी 15 दिन लगातार अवैध कॉलोनियों-निर्माणों को गिराने का अभियान चलाया जाएगा। यह बता उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा अवैध कालोनियों की समीक्षा के लिए लघु सचिवालय स्थित वीडियों कांफ्रेस में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा के उपरांत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने सर्वप्रथम स्थानीय लाढ़ौत चौक पर बाइपास के साथ-साथ ग्रीन बेल्ट पर किए गए अवैध कब्जों का निरीक्षण करने के दौरान हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सम्पदा अधिकारी मुकुंद तंवर को निर्देश दिए कि वे ग्रीन बेल्ट से तुरंत अवैध कब्जे हटवाएं। उन्होंने उपमंडलाधीश तथा तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे गोहाना रोड पर स्थित पीर बौधी के पास वक्फ की भूमि की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि इस भूमि पर कोई अवैध अतिक्रमण न हो। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने संबंधित अधिकारियों की टीम के साथ आउटर बाइपास के साथ अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों व निर्माणों का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रीन बेल्ट में बनाए गए अवैध रास्तों को तुरंत तोड़े तथा ग्रीन बेल्ट को मेनटेन करते हुए पौधरोपण करवाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर सख्त कार्रवाई की जाए।



रोहतक। निरीक्षण करते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा।



रोहतक। बैठक लेते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा।

### ग्रीन बेल्ट में बनाई गई सड़कों को गिराने के निर्देश

धीरेंद्र खड़गटा ने इसी बाईपास रोड पर राजीव नगर एक्सटेंशन में अवैध रूप से बनाए गए निर्माणों को गिराने तथा ग्रीन बेल्ट में बनाई गई सड़कों को तुरंत उखड़वाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट से अवैध रूप से बनाए गए रास्तों को तोड़ा जाए तथा ग्रीन बेल्ट मेनटेन कर पौधरोपण किया जाए। उन्होंने बिना सीएलयू लिए बनाए गए बैक्वेंट हाल को तुरंत गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अवैध कालोनियों में जारी किए गए बिजली कनैक्शन तुरंत काटे जाए तथा बिजली के पोल व तार हटाए जाए। उन्होंने कहा कि अवैध कालोनियों में बिजली कनैक्शन के लिए किए गए आवेदनों को तुरंत रद्द करें।

### अवैध कॉलोनियों में उपलब्ध न करवाएं सुविधाएं

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी भी विभाग द्वारा अवैध कालोनियों में कोई सुविधा या कनैक्शन जारी नहीं किए जाएंगे। यदि किसी विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों में सुविधाएं प्रदान की जाती है या कनेक्शन प्रदान किए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के विरूद्घ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने नियंत्रित क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों व निर्माणों की संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नवदीप सिंह, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सम्पदा अधिकारी मुकुंद तंवर, डीएसपी रवि खूंडिया, यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मन्निद्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, माईनिंग अधिकारी गौतम कुमार, जिला नगर योजनाकार सुमनदीप, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, तहसीलदार राजेश कुमार सहित एनएच के प्रतिनिधि रोहित आदि मौजूद रहे।*

### सराय अहमद गांव में 6 एकड़ में विकसित की जा रही 2 अवैध कॉलोनियों में तोड़-फोड़



**रोहतक।** जिला नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा रोहतक नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माणों-कॉलोनियों को गिराने का अभियान चलाया गया। इस अभियान में गांव सराय अहमद में लगभग 6 एकड़ में विकसित की जा रही 2 अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया। जिला में अवैध कॉलोनी-निर्माण विकसित नहीं होने दिए जाएंगे। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध निर्माणों-कॉलोनियों के विरूद्घ निरंतर ऐसा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 6 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही 2 अवैध कालोनियों को तोड़ा गया, जिसमें 2 डीपीसी, सीवरेज लाइन, स्ट्रीट लाइट पोल, इंटर लोकिंग टाइल रोड नेटवर्क एवं कच्चा रोड नेटवर्क शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे अनाधिकृत निर्माणों-कॉलोनियो में अपने जीवन की जमा पूंजी को निवेश न करें। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने जन साधारण से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर-भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी।

## वार्ड 20 से भाजपा टिकट के लिए पूर्व सरपंच प्रवीन कौशिक ने किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम के वार्ड 20 से समाजसेवी व पूर्व सरपंच प्रवीन कौशिक ने भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका को अपना बायोडाटा सौंपा। प्रवीन कौशिक पिछले 15 साल से वार्ड में सक्रिय रहे हैं और लोगों के सुख दुःख में हमेशा आगे रहते है। प्रवीन कौशिक ने बताया कि वो अपने वार्ड के लोगों की हर समस्या का समाधान करवाने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड में भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई नीतियों व योजनाओं से लोगों को जागरूक करते रहते हैं। प्रवीन कौशिक ने कहा कि उन्हें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली से पूरी उम्मीद है कि वार्ड 20 से अबकी बार पार्टी उनपर भरोसा जताएगी और लोगों की सेवा करने का मौका मिलेगा। प्रवीन कौशिक ने कहा कि वो अपने वार्ड की सभी समस्याओं का समाधान करवाएंगे और विकास के कार्यों के साथ सबसे अलग वार्ड की पहचान करवाएंगे। इस मौके पर अमित बंसल जिला सचिव, अंकुश, धर्मवीर शर्मा, नवीन, सोनू हुड्डा, मनीष ब्राह्मणवास, रवीन्द्र कादियान, नीरज कौशिक आदि मौजूद रहे।





## द आर्यन स्कूल लाखन माजरा में 12वीं कक्षा के छात्रों को दी विदाई

**रोहतक।** द आर्यन पब्लिक स्कूल लाखन माजरा में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हवन भी हुआ। छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को गानों की कुछ पंक्तियों के साथ सम्मान से नवाजा तथा उपहार भेंट किए। इस दौरान स्कूल संचालन कमेटी के प्रधान तेजिंदर आर्य एवं प्रबंधक अनीता सिंह ने विद्यार्थियों को उनके स्कूल के जीवन में सीखाई गई अच्छी शिक्षाओं को जिंदगी में अमल करने की सलाह दी।

## पहरावर गोशाला में सांग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय गौशाला पहरावर नंदिनी धाम में सांग के दौरान विष्णुदत्त शर्मा द्वारा भक्त पूर्णमल की कहानी को प्रस्तुत किया गया। भगत पूर्णमल के सांग की इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्णमल इतना सुंदर था कि कहा जाता था कि अगर उसे घर से बाहर रखा गया तो इंद्र की अप्सराएं उसे उठा कर ले जाएंगी, इसलिए राजा ने उसे बोहरे में डलवा दिया। सलेभान ने पूर्णमल से कहा कि देश-विदेश से तुम्हारी शादी के 360 रिश्ते आए हुए हैं, तुम चाहो तो किसी से भी शादी कर सकते हो, लेकिन पूर्णमल ने आजीवन शादी न करने का फैसला अपने पिता सलेभान को सुनाया। रमेश कौशिक पहरावर ने एक लाख ग्यारह हजार रूपये, रोहताश ने एक लाख ग्यारह हजार रूपये, शांति प्रकाश ने एक लाख ग्यारह हजार रूपये, वासुदेव शर्मा पहरावर ने एक लाख ग्यारह हजार रूपये, बलबीर शर्मा सुनारिया ने एक लाख एक सौ एक रूपये, नवीन पुत्र सुभाष गांव मायना ने इक्वान हजार रूपये दान दिए। प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि 4 फरवरी से 6 फरवरी तक 27 लाख रूपये गोमाता की सेवा में दान। प्रधान नरेश शर्मा व प्रबंधक कपिल शर्मा ने बताया कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 फरवरी तक चलेगा। इस मौके पर हरिओम शर्मा, वासुदेव शर्मा, शिवकुमार शर्मा, जयभगवान शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, चंद्रभान अत्री, शिवचरण, रमेश, बिजेंद्र ब्रह्मचारी, राजू, समुद्र, प्रहलाद, रामबीर पहलवान थांबू आदि मौजूद रहे।



## गांव रुड़की में लगाया रक्तदान शिविर

- शिविर में 29 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**रोहतक।** गांव रुड़की में मां दानो देवी धमार्था ट्रस्ट की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने रक्तदान के प्रति काफी उत्साह दिखाया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन गांव के ओम प्ले स्कूल में किया गया था। जिसमें कुल 29 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि संस्था कई सालों से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है। साथ ही लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। स्कूल के डायरेक्टर बिट्टू ने बताया कि आज के समय में रक्तदान का विशेष महत्व है। इसलिए हम सभी को आगे आकर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर श्रीभगवान मुंगान, संजय मलिक, अनूप भाली, फोटोग्राफर समिति के सदस्य संदीप और रक्तदान करने पहुंचे अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेगा सर्जिकल कैंप का आयोजन 10 से

**रोहतक।** मॉडल टाउस स्थित नवजीवन अस्पताल में 10 से 28 फरवरी तक मेगा सर्जिकल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प का समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। यह जानकारी अस्पताल के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कैम्प में वरिष्ठ सर्जन डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. मनीष बंसल सहित अन्य चिकित्सकों की टीम द्वारा जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि पित्त की थेली में पथरी, किसी प्रकार का हर्निया, किडनी, पेशाब की नली, पेशाब की थेली में पथरी, आंत में छेद व आंत में रूकावट, प्रोस्टेट का बढ़ना या बार बार पेशाब आना, अपेडिक्स में सूजन, हाईड्रोसील तथा वेरीकोसील, स्तन या शरीर के किसी भी अंग में रसौली या गांठ, बवासीर, भगंदर, फिशर, पाईलोनिडल साइनस इन सभी बीमारियों का ईलाज अनुभवी व विशेषज्ञ सर्जन द्वारा किया जाएगा।

## गणित प्रश्नोत्तरी में बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

- कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया वल्ड कैम्पस में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में मंच संचालन सोनम गुप्ता, सुनीता शर्मा, कनिका व सीमा अत्री के द्वारा किया गया। लिखित राउंड में चुने गए विद्यार्थियों को विभिन्न टीमों ब्रिलियंट भास्कर, एक्टिव आर्यभट्ट, रेडियन्ट रामानुजन, इनोवेटिव आइजैक न्यूटन, सिग्नस, पेगासस, डॉल्फिनस, यूनिकार्न, फीनिक्स एक्सीलेंट यूक्लिड, सिन्सिअर शकुन्तला में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों से विजुअल, सही या गलत, खाली स्थान, बहु-विकल्प आदि से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्तर बच्चों ने बड़ी सूझबूझ से दिया। प्रतियोगिता की तैयारी में कक्षा अध्यापिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में कक्षा एक से एक्टिव आर्यभट्ट टीम, कक्षा दो से आईजैक न्यूटन टीम, कक्षा तीन से ब्रिलियंट भास्कर टीम, कक्षा चार से सिग्नस टीम तथा कक्षा पांच से डॉल्फिन्स टीमें विजयी रही। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी, कोर्डिनेटर रजनी गुलाटी ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए और बच्चों की हौंसला अफजाई की।





## टाटा क्रोमा सेंटर का किया उद्घाटन

**रोहतक।** दी भालौट पैक्स में टाटा क्रोमा सेंटर (इलैक्टोनिक स्टोर) का उद्घाटन दि रोहतक सैन्ट्रल को-आपरेटिव बैंक के चैयरमैन हरीश कौशिक व वाईस चैयरमैन एडवोकेट अभिमन्यु भालौट द्वारा किया गया। जिसमें टाटा क्रोमा की टीम द्वारा ग्रामीणों को टाटा क्रोमा के प्रोडेक्ट की जानकारी दी गई। वाईस चेयरमैन एडवोकेट अभिमन्यु ने ग्राम वासियों को पैक्स द्वारा किए जा रहे कार्यों जैसे खाद-बीज दवाई, लोन के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण पैक्स से जुड़ें। इस मौके पर पैक्स प्रबंधक अरूण कुमार, प्रधान नरेश कुमार, पूर्व प्रधान सहदेव, उप प्रधान सत्यवान, कमेटी मैम्बर प्रमोद, सुरेश कुमार, शैलेन्द्र, रमेश, दलबीर, धर्मबीर, प्रवेश फोगाट, सचिन, राजबीर, रोहतक पैक्स प्रबन्धक सोमबीर, खरावड़ पैक्स प्रबन्धक जयकिशन, बल्ब पैक्स प्रबन्धक नरेन्द्र ढाका, सुरजीत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**कार्यक्रम** छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल बनाने के अवसर प्रदान करने पर चर्चा

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय और ऑस्ट्रेलिया के बीच बैठक आयोजित

*नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर बेहतर करियर संभावनाएं की जा सकती है प्रदान : प्रोफेसर एडवर्ड*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छात्रों को उन्नत शिक्षा के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी और ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित मोनाश बिजनेस स्कूल, मेलबर्न के प्रोफेसर एडवर्ड बकिंघम के बीच बैठक हुई। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देना और छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल बनाने के अवसर प्रदान करना रहा। प्रोफेसर एडवर्ड बकिंघम ने ऑस्ट्रेलिया की उच्च शिक्षा प्रणाली, शोध के अवसरों और आधुनिक शिक्षण तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक सहयोग और नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर भारतीय छात्रों को बेहतर करियर संभावनाएं प्रदान की जा सकती हैं। बैठक में महंत बालक नाथ योगी ने भारत की प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली और आधुनिक शिक्षा के समावेश पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास और चरित्र निर्माण करना भी है। भारत की गुरुकुल परंपरा में जहां नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता पर जोर दिया जाता था, वहीं आधुनिक शिक्षा प्रणाली वैज्ञानिक सोच और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देती है। महंत बालक नाथ योगी ने कहा कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय का उद्देश्य भारतीय और वैश्विक शिक्षा प्रणाली के बीच एक सेतु का निर्माण करना है, जिससे छात्र आधुनिक तकनीकों से अवगत होते हुए अपनी जड़ों से भी जुड़े रहें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उच्च शिक्षा को इस तरह विकसित किया जाए कि वह छात्रों के व्यक्तिगत, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सके।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी व प्रोफेसर एडवर्ड बकिंघम के साथ हुई बैठक में उपस्थित कुलपति डॉ. एचएल वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ विनोद कुमार व एमडीयू के प्रोफेसर राजकुमार ।

### शैक्षिक साझेदारियों पर भी किया विचार

बैठक में संभावित शैक्षिक साझेदारियों पर भी विचार किया गया, जिसमें संयुक्त शोध परियोजनाएं, छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान कार्यक्रम और डिजिटल शिक्षा के विस्तार को शामिल किया गया। साथ ही सकारात्मक परिणामों को देखते हुए निकट भविष्य में दोनों संस्थानों के बीच शैक्षिक सहयोग को औपचारिक रूप दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। इससे भारतीय छात्रों को ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन करने के अधिक अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संवाद से वैश्विक शिक्षा प्रणाली का लाभ मिलेगा और दोनों देशों के बीच शैक्षिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।